कार्यालय मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
विकास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
Telephone no. 0771-2999525, E-mail id- sbmg.cg@gov.in, website -www.sbmgcg.in

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

क्र. 2227 / एसबीएमजी / MIS/2015/019 (B)/2022 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 21/06/23

प्रति,

1 **कलेक्टर सह अध्यक्ष**
प्रबंधन समिति, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
जिला – समस्त

2 **मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह सदस्य सचिव**
प्रबंधन समिति, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
जिला पंचायत – समस्त

विषय : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत संभागवार समन्वय बैठक के संबंध में ।

––00––

विषयांतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण–II के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के वार्षिक कार्ययोजना अनुसार दिसम्बर 2023 तक शत प्रतिशत गांव को किसी भी श्रेणी में ओ.डी.एफ. प्लस घोषित करना अनिवार्य है। इस हेतु तैयार कार्ययोजना अनुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के महत्वपूर्ण घटको जैसे सेग्रीगेशन शेड, व्यक्तिगत नाडेप, व्यक्तिगत सोक पीट, स्वच्छाग्रहियों का मानदेय एवं सहायक उपकरण का क्रय एवं अन्य कार्यो की स्वीकृति तत्काल किया जाना आवश्यक है। चूंकि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण–II के अधिकतम कार्य 15वें वित्त आयोग, महात्मा गांधी नरेगा के अभिसरण से किया जाना है । भारत सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में अभिसरण से निर्मित स्वच्छता परिसंपत्तियों का ऑनलाईन जियो टैगिंग एवं रिपोर्टिंग 15वें वित्त आयोग, महात्मा गांधी नरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अभिसरण से किया जाना है । इसी क्रम में ग्राम पंचायतों में पूर्ण निर्माण कार्य का जियो टैगिंग एवं रिपोर्टिंग तत्काल किया जाना है, जिससे शेष गांव को समय–सीमा में ओ.डी. एफ.प्लस घोषित किया जा सके ।

उपरोक्त संदर्भ में सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अनुमति से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लक्ष्य अनुसार कार्यों की स्वीकृति एवं पूर्ण कार्यो की रिपोर्टिंग के लिए प्रभावी समन्वय हेतु संभागवार बैठक का आयोजन VC के माध्यम से किया जा रहा है। बैठक में जिला स्तर से जिला पंचायतों के उप संचालक / सहायक संचालक, सहायक कार्यक्रम अधिकारी (महात्मा गांधी नरेगा) एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के समन्वयक एवं सलाहकारों की उपस्थिति अपेक्षित है। बैठक संभागवार 3 चरणों में किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

चरण	संभाग	बैठक की तिथि	समय
प्रथम	दुर्ग एवं रायपुर संभाग के समस्त जिले ।	23.06.2023	11.30 बजे से
द्वितीय	सरगुजा एवं बिलासपुर संभाग के समस्त जिले ।	तिथि एवं समय बाद में सूचित किया जावेगा	
तृतीय	बस्तर संभाग के समस्त जिले ।		

उपरोक्तानुसार बैठक हेतु जिलेवार घटकवार लक्ष्य–स्वीकृति–गैप एवं प्रगति– प्रगति का ऑनलाईन रिपोर्टिंग–गैप का Analysis पत्र के साथ संलग्न है। अतः कृपया Analysis के अनुसार ग्राम पंचायतवार डेटा के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने हेतु संबधितों को निर्देशित करने का कष्ट करेगें ।

संलग्न– यथोपरी ।

मिशन संचालक
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पृ.क्रमांक.2228/एसबीएमजी/MIS/2015/019 (B)/2022 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 21.06.23

प्रतिलिपि :–

1. **सचिव**, छ.ग.शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर प्राप्त निर्देश के परिपालन में सादर सूचनार्थ ।
2. **संचालक,** पंचायत संचालनालय, विकास भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ कृपया समस्त जिला पंचायतों के उप संचालक/सहायक संचालक को निर्देशित करने का कष्ट करेगें ।
3. **आयुक्त,** महात्मा गांधी नरेगा, विकास भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ कृपया समस्त जिला पंचायतों के महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कार्यरत APOs को निर्देशित करने का कष्ट करेगें ।

मिशन संचालक
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)